**शोषण** अब आर-पार की लड़ाई, कानूनों की खुलेआम धज्जियां उड़ाने का मामला सामने आया


# 12 घंटे काम, 10 हजार वेतन, पेट्रोल पंप पर मजदूरों का शोषण बेनकाब




**नवभारत/ नरसिंहपुर/ गाडरवारा।** ग्राम कौड़िया स्थित सूबेदार आर.बी. लाल फिलिंग स्टेशन पर श्रम कानूनों की खुलेआम धज्जियां उड़ाने का मामला सामने आया है। पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने संचालक के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए अनुविभागीय अधिकारी को तीखी शिकायत सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। कर्मचारियों का आरोप है कि उनसे रोजाना 12-12 घंटे तक काम कराया जा रहा है, जबकि कानूनन 8 घंटे की ड्यूटी तय है। इसके बावजूद उन्हें महज 9 से 10 हजार रुपये वेतन देकर शोषण किया जा रहा है। स्थिति यहीं नहीं रुकी—कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें पीएफ, ईएसआई, साप्ताहिक अवकाश और छुट्टियों जैसी बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित रखा गया है, जो सीधे-सीधे श्रम कानूनों का उल्लंघन है। खाते में 14 हजार, वापस 4 हजार वेतन घोटाले का आरोप सबसे चौंकाने वाला खुलासा यह है कि कर्मचारियों के खातों में 14 हजार रुपये ट्रांसफर कराकर 4 हजार रुपये नकद वापस लेने का खेल चल रहा है। कर्मचारियों ने इसे वेतन हेराफेरी और आर्थिक घोटाला बताया है। हक मांगा तो नौकरी से निकालने की धमकी कर्मचारियों के अनुसार, जब उन्होंने 8 घंटे ड्यूटी, सही वेतन और पीएफ की मांग उठाई, तो संचालक ने उन्हें काम से हटाने और सेवा समाप्ति की धमकी दे डाली। प्रशासन से सीधी मांग—जांच करो, कार्रवाई करो ।

### कर्मचारियों की मांग

- पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो
- हटाए गए कर्मचारियों की तुरंत बहाली की जाए
- वेतन रजिस्टर और बैंक ट्रांजेक्शन की जांच हो
- दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई हो
- 8 घंटे ड्यूटी, सही वेतन और पीएफ की मांग उठाइ
- हक मांगा तो नौकरी से निकालने की धमकी कर्मचारियों के अनुसार
- कर्मचारियों ने साफ चेतावनी दी है कि अगर 3 दिन के भीतर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे भूख हड़ताल और धरना-प्रदर्शन शुरू करेंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी पंप प्रबंधन और प्रशासन की होगी।
- इस शिकायत पर भाई जी किरार, छोटेलाल मेहरा, राहुल बंगार, सूरज मेहरा, वीरेंद्र मेहरा, राहुल धानक, कृष्णकांत जाटव और मोहित गोस्वामी समेत कई कर्मचारियों के हस्ताक्षर हैं।




## गांवों में अवैध शराब की बिक्री से ग्रामीण परेशान

**गोटेगांव।** क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में इन दिनों अवैध शराब के कारोबार के कारण नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव-गांव में हो रही शराब की अवैध बिक्री से क्षेत्र का शांत वातावरण प्रभावित हो रहा है और युवा पीढ़ी पर इसका बुरा असर पड़ रहा है। कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने और नशे की इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए स्थानीय लोगों ने अब जिला प्रशासन की ओर रुख किया है। नागरिकों ने उच्च अधिकारियों से मांग की है कि क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाकर अवैध शराब के विक्रय पर तत्काल प्रभावी रोक लगाई जाए, ताकि ग्रामीणों को इस समस्या से निजात मिल सके और सामाजिक व्यवस्था बनी रहे।

# चीचली जनपद बनी भ्रष्टाचार का गढ़

**नवभारत/चीचली।** नरसिंहपुर जिले की चीचली जनपद पंचायत इन दिनों विकास कार्यों के लिए नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार के नए कीर्तिमान स्थापित करने के लिए सुर्खियों में है। शासन की मंशा है कि गाँव खुशहाल तो देश खुशहाल, लेकिन यहाँ के जिम्मेदार अधिकारी और पंचायत प्रतिनिधि इस मंशा को पलीता लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। जनपद की ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्यों के नाम पर कागजी घोड़े दौड़ाए जा रहे हैं और बिना किसी जमीनी कार्य के लाखों रुपये के फर्जी भुगतान किए जा रहे हैं।

### तकनीकी नियमों को ताक पर रखकर बंदरबांट

क्षेत्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार, भ्रष्टाचार का यह खेल बेहद शातिराना तरीके से खेला जा रहा है। पंचायतों में सामग्री आपूर्ति के नाम पर ऐसे दुकानदारों और वेंडरों को भुगतान किया जा रहा है, जिनके पास न तो वैध त्रस्ञ नंबर है और न ही व्यवसाय का कोई ठोस आधार। भ्रष्टाचार के प्रमुख बिंदु बिना मूल्यांकन भुगतान नियमत: किसी भी निर्माण कार्य का तकनीकी मूल्यांकन होने के बाद ही राशि आहरित की जा सकती है, लेकिन यहाँ बिना मूल्यांकन के ही बंदरबाँट हो रही है। जिओ-टैगिंग




का अभाव सरकारी पोर्टल पर कार्य की प्रगति दर्शाने के लिए जिओ-टैगिंग अनिवार्य है, जिसे दरकिनार कर पुराने कार्यों या अन्य स्थानों की फोटो लगाकर राशि निकाली जा रही है। फर्जी बिलिंग का सहारा स्थानीय स्तर पर सांठगांठ कर फर्जी बिल लगाए जा रहे हैं, जिससे सरकार को राजस्व की हानि के साथ-साथ विकास कार्यों की गुणवत्ता भी शून्य हो रही है।

### सरपंच-सचिव और अधिकारियों का मजबूत नेक्सस

सूत्रों का दावा है कि इस महा-भ्रष्टाचार में केवल निचले स्तर के कर्मचारी ही नहीं, बल्कि जनपद स्तर के वरिष्ठ अधिकारी और इंजीनियर भी शामिल हैं। सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक की यह तिकड़ी अधिकारियों के संरक्षण में बेखौफ होकर भ्रष्टाचार को अंजाम दे रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि कमीशन का खेल जनपद कार्यालय से लेकर ग्राम पंचायत के गलियारों तक फैला हुआ है।

### सामाजिक संगठनों और प्रबुद्ध वर्ग ने खोला मोर्चा

क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस स्थिति पर कड़ी आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि भारत गाँवों में बसता है, लेकिन चीचली जनपद के अधिकारी गाँवों को ही भ्रष्टाचार की बलि चढ़ा रहे हैं। ग्रामीणों का तर्क है कि जब तक गाँवों का पारदर्शी विकास नहीं होगा, तब तक देश की प्रगति का आधार खोखला रहेगा।

### कलेक्टर और जिला पंचायत CEO से न्याय की उम्मीद

क्षेत्र की जनता ने अब जिला कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ से गुहार लगाई है कि चीचली जनपद की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एक उच्च स्तरीय जांच टीम गठित की जाए। मांग की गई है कि निर्माण कार्यों का भौतिक सत्यापन कराया जाए और संलिप्त दोषियों के विरुद्ध गबन का मामला दर्ज कर वसूली की जाए। जानकारों का मानना है कि यदि ईमानदारी से जांच हुई, तो जिले का यह सबसे बड़ा घोटाला साबित हो सकता है। भ्रष्टाचार की इस दीमक ने पंचायतों को खोखला कर दिया है। फर्जी बिलों के माध्यम से शासन की राशि का दुरुपयोग सीधे तौर पर जनता के हक पर डाका है।

# सोखता गड्ढों के दावे कागजी, जमीनी हकीकत में प्यासा और सूखा सिस्टम

**नवभारत/ गोटेगांव।** एक ओर जहां जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण और सोखता गड्ढों के निर्माण के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत इन दावों से कोसों दूर नजर आ रही है। क्षेत्र में कई जगहों पर हैंडपंप और नल लंबे समय से खराब पड़े हैं, जिनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। आलम यह है कि जनपद पंचायत परिसर के कोने में लगा एकमात्र हैंडपंप भी बंद पड़ा है, जिससे यहां आने वाले लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जल संरक्षण की बातें तब बेमानी लगने लगती हैं, जब मौजूदा जल स्त्रोत ही सही ढंग से काम नहीं कर रहे। ग्रामीण क्षेत्रों में



स्थिति और भी खराब है, जहां नल और हैंडपंप खराब होने के कारण लोगों को भीषण गर्मी में दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है। इससे आम जनता की दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हो रही है। लोगों का आरोप है कि प्रशासन का ध्यान केवल कागजी कार्रवाई और प्रचार-प्रसार तक सीमित रह गया है, जबकि धरातल पर समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं।

# कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने किया 'धमनी नदी' के उद्गम स्थल का भ्रमण

**नवभारत/ करेली।** मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने जिले के भिंडबार ग्राम स्थित 'धमनी नदी' के उद्गम स्थल का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने प्राकृतिक सौंदर्य और धार्मिक महत्व से परिपूर्ण इस स्थल का अवलोकन करते हुए इसे क्षेत्र की अमूल्य धरोहर बताया। मंत्री श्री पटेल ने बताया कि उनकी 'उद्गम मानस यात्रा' के अंतर्गत यह 111वां पड़ाव है। इस यात्रा का उद्देश्य प्रदेश की नदियों के उद्गम स्थलों का संरक्षण, उनके प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और पर्यावरण संतुलन के प्रति समाज को प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि भिंडबार ग्राम से निकलने वाली धमनी नदी न केवल प्राचीन जल स्त्रोत है, बल्कि यह क्षेत्र की



सांस्कृतिक आस्था और प्राकृतिक समृद्धि का भी प्रतीक है। भ्रमण के दौरान उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से संवाद करते हुए नदी के संरक्षण और स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि जल स्त्रोतों का संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसमें जनभागीदारी बेहद जरूरी है। मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस स्थल के विकास एवं संरक्षण के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि यह स्थान भविष्य में एक प्रमुख पर्यावरणीय एवं धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित हो सके। उक्त जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया कि इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक पूर्व जिला अध्यक्ष महंत प्रीतम पूरी महामंत्री राहुल कौरव जिला पंचायत सीईओ गाजेंद्र नागेश सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण बताया।

# निर्भीक पत्रकारिता के स्तंभ स्व . आशीष अग्रवाल को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**नवभारत/ गोटेगांव** नगर के प्रतिष्ठित पत्रकार स्वर्गीय आशीष अग्रवाल की आत्म शांति हेतु आयोजित श्रद्धांजलि सभा भावपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। इस अवसर पर सर्व समाज के लोग, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन, वरिष्ठ समाजसेवी और बड़ी संख्या में पत्रकार बंधुओं ने उपस्थित होकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा के दौरान स्व. अग्रवाल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया और उनके व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। मंच से संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि स्व. आशीष अग्रवाल एक निष्पक्ष, निर्भीक और समर्पित पत्रकार थे, जिन्होंने सदैव समाज



की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया और जनहित के मुद्दों को अपनी लेखनी के माध्यम से शासन-प्रशासन के सामने रखा। उपस्थित जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उनके सरल स्वभाव, मिलनसार व्यवहार और समाज के प्रति सेवा भावना को याद करते हुए उनके असामयिक निधन को नगर के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया।

## एक नजर में



### सेन समाज ने शोभायात्रा निकाली

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस सेन समाज तेंदूखेड़ा ने सेन जंयती के अवसर पर अपने आराध्य सेन महाराज की शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से निकालकर पूजन अर्चन किया। प्रसाद वितरण किया इस मौके पर बड़ी संख्या में सेन समाज के लोग उपस्थित थे।

### मूंग फसल में इल्ली का अटैक

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** इन दिनों संपूर्ण क्षेत्र में ग्रीष्म कालीन मूंग फसल व्यापक स्तर पर लगाई गई है।फसल अंकुरित होते ही उसमें विभिन्न प्रकार की कीट व्याधियों ने धावा बोल दिया है। जिसके बचाव के लिए किसान बड़े स्तर पर कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव कर रहे हैं। हमारे प्रतिनिधि को कृषकों ने बताया कि इन दिनों मूंग फसल में रात रानी इल्ली का



अटैक बना हुआ है।इसे सोड इल्ली भी कहते हैं।जिसकी रोकथाम हेतु किसान विभिन्न प्रकार की कीटनाशक दवाईयों के माध्यम से रोक थाम में जुटे हुए हैं।

### 23 से शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा समारोह एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** वैशाख मास के पावन अवसर पर संपूर्ण क्षेत्र में धार्मिक आयोजन जारी है।इसी श्रंखला के चलते समीपी ग्राम ईश्वरपुर में प्रतिष्ठित बसेडिया परिवार के द्वारा शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं श्री हित श्रेया किंकरी श्रेया किशोरी के मुखारविंद से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। 23 अप्रेल से 29 अप्रेल तक चलने वाले इस आयोजन में वेदाचार्य पं पुरुषोत्तम राजोरिया के निर्देशन में अनुष्ठानात्मक विविध आयोजन एवं दोपहर 2 बजे से शाम 05 बजे तक संगीतमय कथा होगी।30 अप्रेल को भंडारे के साथ समापन किया जायेगा।

### यात्री बस में महिला ने दिया बच्चे को जन्म

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा** सोमवार की रात्रि में लगभग साढ़े दस बजे डिंडोरी जिले की एक आदिवासी महिला ने यात्री बस में बच्चे को जन्म दिया। बच्चे और महिला दोनों स्वस्थ हैं। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार भोपाल से डिंडोरी जाने वाली यात्री बस से प्रसव पीड़ित महिला रैवती उइके अपने देवर और भावी के साथ डिंडोरी जिला जा रही थी कि अचानक बस में पीड़ा हुई और कुछ ही मिनट में डिलेवरी हो गई।बस चालक ने तेंदूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने जाकर बस खड़ी की और डाक्टर दामोदर को वस्तुस्थिति बताई डाक्टर ने तत्काल स्टाप नर्सों को स्ट्रेचर लेकर महिला और बच्चे को स्वास्थ्य केंद्र में सिप्ट कर आवश्यक चिकित्सा उपलब्ध कराते हुए दोनों को भर्ती किया।

# बंजारा समुदाय : एक गौरवशाली संस्कृति का प्रतीक : अनुभव जैन



**नवभारत/ करेली** नगर की ख्यातिलब्ध शिक्षण संस्था द अबोड- स्कूल ऑफ ड्रीम्स में विश्व बंजारा दिवस के अवसर पर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस सांस्कृतिक विविधता से परिपूर्ण आयोजन में विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने उत्साह पूर्वक सहभागिता देकर बंजारा समुदाय की विविध संस्कृति को आत्मसात कर उनके गौरवशाली इतिहास को रेखांकित करते हुए आयोजन को भव्यता प्रदान की । यह दिवस हमें बंजारा समुदाय के गौरवशाली अतीत उनकी समृद्ध , विविधतापूर्ण सांस्कृतिक गरिमा और स्वाभिमान की विरासत को याद दिलाता है आज के कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भारत के विभिन्न राज्यों के बंजारा समुदाय की संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए उनके खान-पान उनकी वेशभूषा, उनके रीति रिवाज, साज सज्जा एवं उनकी सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत करते हुए सतरंगी कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्ण सहभागिता दी विद्यार्थियों ने बंजारा समुदाय की संस्कृति अनुरूप वेशभूषा धारण की आभूषण,गोदना,टैटू, अलंकारों की मनोहर छटा के साथ बच्चों ने जबरदस्त उत्साह प्रदर्शित किया। । इस अवसर पर विभिन्न नृत्य, गीत संगीत,मंचीय कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रस्तुत की गई जिनको अभिभावकों और दर्शकों ने मुक्त कंठ से सराहा । विद्यार्थियों ने हस्तकला प्रदर्शनी, स्टोन आर्ट,पेपर क्राफ्ट, कांच, लकड़ी, से बने सजावटी सामान, एवं मनोरंजक खेलकूद व खानपान से जुड़े स्टाल सजाए जिसका सभी ने बहुत आनंद उठाया । कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण समारोह में सभी विजेता प्रतिभागियों को विद्यालय प्राचार्य श्रीमती पलक नंदा द्वारा पुरस्कृत किया गया ।इस अवसर पर विद्यालय के संचालक डायरेक्टर अनुभव जैन ने कहा बंजारा समुदाय अपने आप में एक विशिष्ट संस्कृति, एक गौरव, एक और सांस्कृतिक स्वाभिमान का प्रतीक है।



# अधूरी सड़क और खुले चैंबर दे रहे हादसों को न्यौता, वार्डवासी परेशान

**नवभारत/ गोटेगांव** नगर के रिपटा मोहल्ला बजरंग वार्ड में बरसों पूर्व कराया गया सीसी सड़क का निर्माण आज भी अधूरा है, जो वार्डवासियों के लिए बड़ी मुसीबत का सबब बना हुआ है। जानकारी के अनुसार, हनुमान मंदिर से किशन लाल खटीक के घर तक सड़क का एक हिस्सा ठेकेदार द्वारा अधूरा छोड़ दिया गया था। इस अधूरे मार्ग पर दो खुले चैंबर भी हैं, जिनमें गिरकर आए दिन स्कूली छात्र-छात्राएं, महिलाएं और बुजुर्ग चोटिल हो रहे हैं। वार्डवासियों ने रोष व्यक्त करते हुए बताया कि सड़क का निर्माण वर्षों पहले हुआ था, लेकिन अधूरा हिस्सा आज तक नहीं बनाया गया। इस संबंध में स्थानीय निवासियों ने नगरपालिका प्रशासन को अनेकों बार लिखित और मौखिक शिकायतें दी हैं, परंतु अब तक समस्या का कोई समाधान नहीं निकला। खुले चैंबरों के गड्ढों के कारण रोजाना छोटी-मोटी घटनाएं हो रही हैं, जिससे मोहल्ले के लोगों में असुरक्षा का भय बना रहता है। वार्डवासियों ने मांग की है कि सड़क के अधूरे हिस्से का निर्माण जल्द कराया जाए और जानलेवा खुले चैंबरों को तुरंत ढका जाए। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्या का निराकरण नहीं हुआ, तो वे सामूहिक रूप से नरसिंहपुर जिला कलेक्टर की जनसुनवाई में अपनी बात रखेंगे। आपके माध्यम से यह मामला संज्ञान में आया है। यदि सड़क अधूरी है और चैंबर खुले हैं, तो मैं स्वयं इसे दिखवाकर जल्द से जल्द समस्या का समाधान सुनिश्चित कराऊंगा।

# डॉ . अंबेडकर के विचारों को आत्मसात करने का लिया संकल्प

## कांग्रेस ने मनाई बाबा साहेब की जयंती, नगर परिषद में दी श्रद्धांजलि

**नवभारत/ साईखेड़ा।** संविधान निर्माता, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आज साईखेड़ा नगर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा एक भव्य श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। नगर परिषद कार्यालय प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। विचारों को आत्मसात करने का संकल्प कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के जीवन संघर्ष और उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब ने न केवल देश को एक सशक्त संविधान दिया, बल्कि समाज के शोषित और वंचित वर्गों को मुख्यधारा में लाने के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनके विचार आज के समय में और




भी अधिक प्रासंगिक हैं। संबोधन के मुख्य अंश श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारियों ने कहा कि संवैधानिक मर्यादा आज हमें बाबा साहेब द्वारा दिए गए संविधान की रक्षा करने और उसके मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाने की आवश्यकता है। सामाजिक समरसता अंबेडकर जी का सपना एक ऐसा समाज बनाना था जहाँ जाति और धर्म के आधार पर कोई भेदभाव न हो। हमें उनके सामाजिक न्याय के संदेश को आगे बड़ाना होगा। शिक्षा का महत्व शिक्षित बनो संगठित रहो और संघर्ष करो के मूल मंत्र को अपनाकर ही हम समाज की सच्ची सेवा कर सकते हैं।

### कार्यकर्ताओं की उपस्थिति

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेताओं सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने बाबा साहेब के पदचिन्हों पर चलने और समाज में समानता व भाईचारा बनाए रखने का संकल्प लिया।

### तेदुखेड़ा में आयोजन

**तेंदूखेड़ा।** भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर नगर में विविध आयोजन हुये।जयंती पर्व की पूर्व संध्या पर अंबेडकर पार्क में स्व्च्छता अभियान चलाकर कर साफ सफाई की गई। सांयकाल बेला में उपस्थित जनसमूह द्वारा अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष दीपोत्सव किया गया। तथा जयंती पर्व पर प्रतिमा पर पुष्पांजलि समर्पित कर नुक्क सभा का आयोजन हुआ। विचार रखे जिसमें बाबा साहेब ने समता स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय के मूल्यों से भारत के नवनिर्माण की नींव को मजबूत किया। सामाजिक न्याय के साथ कमजोर वर्ग के उत्थान कल्याण के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया।

# अब फलों की दुकानों पर चोरों का धावा, घटनाओं पर विराम ना लग पाना बना चिंता का विषय

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र में सिलसिलेवार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है वहीं उक्त घटनाएं व्यापारी वर्ग के लिए भी चिंता का विषय बनती चली जा रही है। तेंदूखेड़ा में पिछले मंगलवार को हुई श्री दादा दरबार हनुमान मंदिर में दो चांदी के छत्र और मुकुट चोरी के साथ दिगम्बर जैन मंदिर में ताले टूटने की घटनाओं के अभी तक चोरों का पता ही नहीं चल सका था कि सोमवार की रात्रि में पुराने बस स्टैंड पर स्थित फलों की दुकानों पर चोरों ने धावा बोलकर कुछ फल फूल ले गये हैं वहीं दुकानों में रखे फलों को भी नुकसान पहुंचाया है। एक पखवाड़ा पूर्व ही कुछ और दुकानों पर चोरों ने धावा बोला था तथा नगर के विभिन्न वार्डों में घरों के ताले तोड़ने की घटनाएं घटित हुई थी।कुल मिलाकर चोरों के हौंसले बुलंदी पर हैं।जो लगातार इस तरह की घटनाओं को अंजाम देते चले जा रहे हैं। और अभी तक पकड़ में भी ना ना पाना और भी बड़ा सोचनीय विषय बना हुआ है।

### व्यापारियों से सीसीटीवी कैमरे लगाने बुलाई बैठक

चोरी की बढ़ती घटनाओं और सुरक्षा की दृष्टि बाहरी लोगों पर नजर रखने की दिशा में तीसरी आंख सी सी टी वी गुणवत्ता पूर्ण कैमरों को लगाये जाने के लिए अनुविभागीय पुलिस अधिकारी ने थाना परिसर में नगर के सभी व्यापारियों की बैठक बुलाकर अपने अपने प्रतिष्ठानों के सामने हर गली मुहल्लों में भी कैमरें लगाये जाने की अपील की गई है।गौरतलब रहे कि पूर्व में तेंदूखेड़ा में मुख्य मार्गों चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए तो गये थे लेकिन उनकी गुणवत्ता ना होने तथा काफी लंबे समय से बंद पड़े रहने के कारण केवल दिखावा और उद्देश्य की पूर्ति नहीं हो पा रही है।